External

[28] No. of printed pages: 2

SARDAR PATEL UNIVERSITY
S.Y. B.A. (External) Examination
Wednesday, 12 March 2014
2.30 pm - 5.30 pm
HN-203 Hindi Lit. (Prin. & Sub.) Paper III (Adhunik Hindi Kavya)
(काव्यालोक)

Total Marks: 100

सूचना : हिन्दी में शिरोरेखा बाँधना अनिवार्य है ।

प्र.१ संदर्भ सहित व्याख्या दीजिए । (१६)

(क) "जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छायी
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आयी ।"

अथवा

(क) "जब तक अविद्या का अंधेरा हम मिटावेंगे नहीं,
जब तक समुज्जवल ज्ञान का आलोक पावेंगे नहीं ।
तब तक भटकना व्यर्थ है, सुख-सिद्धि के संधान में,
पाये बिना पथ पहुँच सकना कौन इष्टस्थान में ।।"

(ख) "यह नफरत की बारुद न बिखराओ साथी ।
यह युद्धों का जहरीला नारा बन्द करो,
जो प्यार तिजोरी सेफों में है तड़प रहा
उसके बन्धन खोलो उसको स्वच्छन्द करो ।"

अथवा

(ख) "धकेल दिये जायेंगे कला की दुनिया से बाहर, जो चारण नहीं
जो गुन नहीं गायेंगे, मारे जायेंगे ।
धर्म की ध्वजा उठाये जो नहीं जायेंगे जुलूस में
गोलियाँ भून डालेंगी उन्हें, काफिर करार दिये जायेंगे ।"

प्र.२ "महादेवी वर्मा आधुनिक युग की मीरा हैं" - समझाइए । (१६)

अथवा

प्र.२ मैथिलीशरण गुप्त की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए ।

प्र.३ ओमप्रकाश वाल्मीकि की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए । (१६)

अथवा

प्र.३ रघुवीर सहाय का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

प्र.४ टिप्पणी लिखिए : (१६)

(क) 'श्रद्धा' कविता का संदेश ।

अथवा

(क) 'यह दन्तुरित मुस्कान' में कवि का पित्तृभाव ।

(ख) 'नहीं मिला' कविता का मूलभाव ।

अथवा

(ख) 'प्रजापति' कविता का केन्द्रीय भाव ।

प्र.५ द्रुतपाठः लघुत्तरी प्रश्न लिखिएः (१६)

(क) हालावाद की विशेषताएँ ।

अथवा

(क) 'जंगल का दर्द' कविता का केन्द्रीय भाव ।

(ख) 'सरोज-स्मृति' काव्य का भावार्थ ।

अथवा

(ख) अरुण कमल का साहित्यिक परिचय ।

प्र.६ वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(किन्हीं बीस)** (२०)

(१) 'लक्ष्मण-उर्मिला मिलन' किस रचना से लिया गया है ?
(२) जयशंकर प्रसाद का जन्म कब और किस घराने में हुआ था ?
(३) प्रसाद रचित छायावाद का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य का नाम लिखिए ।
(४) छायावादी कविता के प्रमुख चार कवियों के नाम लिखिए ।
(५) महादेवी वर्मा की चार काव्यकृतियों के नाम लिखिए ।
(६) नागार्जुन का साहित्य किस दर्शन से प्रभावित है ?
(७) नागार्जुन को 'आधुनिक कबीर' क्यों कहा गया ?
(८) 'घिन तो नहीं आती है' कविता में कवि क्या कहना चाहते हैं ?
(९) नीरज के मतानुसार कविता की जन्मदात्री कौन है ?
(१०) दिनकर की कविता का मुख्य विषय क्या है ?
(११) 'कुरुक्षेत्र' प्रबंधकाव्य में कवि ने किस विषय पर चर्चा की है ?
(१२) 'मतवाला' पत्र में निराला की सबसे पहली कौन-सी कविता छपी थी ?
(१३) निराला की काव्य कृतियों के चार नाम लिखिए ।
(१४) अरुण कमल संप्रति किस व्यवसाय से जुड़े हुए हैं ?
(१५) अर्चना वर्मा की काव्य-कृतियों के नाम लिखिए ।
(१६) अरुण कमल को कौन-कौन से पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए है ?
(१७) अर्चना वर्मा की कविताओं का विषय वस्तु लिखिए ।
(१८) हालावाद की विचारधारा को स्पष्ट करनेवाली बच्चन की काव्य कृतियों के नाम लिखिए ।
(१९) 'बकरी' किसका नाटक है ?
(२०) 'यह घर' कविता में कवि किस सत्य को उजागर करते हैं ?
(२१) 'राजा की रक्षा' कविता का केन्द्रीय भाव क्या है ?
(२२) 'कंधे' कविता में कंधा किसका प्रतीक है ?
(२३) 'मुट्ठीभर चावल' कविता का मूल भाव लिखिए ।
(२४) 'दंगो के बाद' कविता की विषयवस्तु क्या है ?
(२५) नारी के प्रति गुप्तजी का दृष्टिकोण किस प्रकार का है ?

* * *